PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Shivpuri
DATE :	02/03/24
PAGE :	11

जैकेट महिला कारीगरों को प्रशिक्षण देकर सशक्त बना रहा ईडीआईआई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बदरवास. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), बड़े पैमाने पर मोदी जैकेट बनाने के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिलाओं को विशेष कौशल प्रशिक्षण दे रहा है। संस्थान ने क्षेत्र की महिलाओं के कौशल को बढ़ाने तथा क्लस्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक साधन तथा ज्ञान से परिपूर्ण करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) गांधीनगर के साथ साझेदारी की है।

बदरवास जैकेट क्लस्टर, जैकेट तैयार करने व संबंधित गतिविधियों में लगे लोगों को एक मजबूत सेंटर के रूप में उभरा है। क्लस्टर की क्षमताओं को और बढ़ाने और जैकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने की अनिवार्य आवश्यकता को पहचानते हुए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना के तहत एक प्रोड्यूसर कंपनी को बढ़ावा दिया है, जिसका स्वामित्व और प्रबंधन बदरवास की महिला कारीगरों के हाथों में है। इस प्रकार उन्हें खुद की एक कंपनी का शेयरधारक बनने का अवसर हासिल हो रहा है।

ईडीआईआई ऐसे कर रहा क्लस्टर डवलपमेंट

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल कौशल प्रशिक्षण से भी आगे का नजरिया लेकर चल रही है। यह महिलाओं के स्वामित्व और प्रबंधन वाली एक प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाती है। इस महत्वपूर्ण कदम से वह केवल नौकरीपेशा नहीं रह जातीं बल्कि अपनी कंपनी की एक उद्यमी और शेयरधारक कहलाती हैं, जिससे आत्मनिर्भरता और आर्थिक आजादी को बढ़ावा मिलता है।

19 महिला कारीगरों ने लिया 7 दिवसीय प्रशिक्षण

बीते 13 से 18 फरवरी तक बदरवास क्लस्टर की 19 महिला कारीगरों को ईडीआईआई परिसर में गुणवत्ता की परख, बिक्री कौशल और विजुअल मर्चेंडाइजिंग पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसने महिलाओं को अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। कोर्स में कपड़ा निर्माण की पेचीदगियां, बिक्री, मार्केटिंग की रणनीतियां और ब्रांड निर्माण के पहलुओं को शामिल किया गया।

महिलाएं बनेंगी उद्यमी

ईडीआईआई में फैकल्टी और प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि निफ्ट की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य इन महिला कारीगरों के कौशल को बढ़ाना और आगे चलकर उन्हें सफल उद्यमी के रूप में तैयार करने के लिए आवश्यक साधनों और ज्ञान से लैस करना है। हमारा मानना है कि महिला कारीगरों को सही कौशल के साथ सशक्त बनाना बदरवास जैकेट क्लस्टर की पूरी क्षमता को उजागर करने